impact
www.impactmeasurement.co.in

Business Standard (Hindi)

Delhi - Apr 10, 2018

Page No: 3
Page Name: Company News
Size: 127 sq. cm
AVE: INR 19,036

Type: Newspaper
Language: Hindi
Circulation: 5,283
Frequency: Daily

News monitored for: Lemon Tree Hotels
Title: Lemon Tree hotels share surges 30 percent on debut

आगाज पर 30 फीसदी उछला लेमन ट्री होटल्स का शेयर

बीएस संवाददाता
मुंबई, 9 अप्रैल

होटल कंपनी लेमन ट्री होटल्स का शेयर सोमवार को एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हुआ और इस दौरान 32 फीसदी तक उछला। कंपनी का शेयर अंत में आईपीओ कीमत 56 रुपये के मुकाबले 29.11 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 72.3 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एनएसई पर इसका शेयर 73.9 रुपये के उच्चस्तर और 57.25 रुपये के निचले स्तर को छुआ।

लेमन ट्री की 10 अरब रुपये के आईपीओ पेशकश को मिली सुस्त प्रतिक्रिया के बावजूद इसके शेयरों में मजबूती देखी गई। इस आईपीओ को महज 1.2 गुना आवेदन मिले थे और गैर-संस्थागत निवेशकों का आवेदन पेशकश के मुकाबले महज 10 फीसदी रहा था। संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में हालांकि चार गुना आवेदन मिले थे।

बाजार के प्रतिभागियों ने कहा कि संस्थागत निवेशकों की मांग के चलते इसके शेयरों में उछाल दर्ज हुई। लेमन ट्री मध्यम कीमत वाले होटल क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी होटल श्रृंखला है। 31 जनवरी 2018 को लेमन ट्री देश के 28 शहरों में 45 होटलों का परिचालन कर रही थी और इसमें कुल 4,697 कमरे थे।

वित्त वर्ष 2013 और 2017 के बीच लेमन ट्री ने राजस्व में 18 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि के हिसाब से बढ़त दर्ज की और इसका परिचालन लाभ 33 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि के हिसाब से बढ़ा। वित्त वर्ष 2017 में कंपनी की शुद्ध बिक्री 412 करोड़ रुपये रही और शुद्ध नुकसान 7.2 करोड़ रुपये रहा।

लेमन ट्री के आईपीओ पर अपने नोट में ऐंजल ब्रोकिंग ने कहा था, 56 रुपये की आईपीओ कीमत पर ईवी/एबिटा गुणक वित्त वर्ष 2017 में एबिटा का 44.5 गुना बैठता है और वित्त वर्ष 2018 के सालाना एबिटा का 38.6 गुना, जो इंडियन होटल्स जैसी सूचीबद्ध बड़ी कंपनियों के मुकाबले उच्च नजर आता है, जिसका ईवी/एबिटा वित्त वर्ष 2018 में 33 गुना है, जबकि अन्य का 20-25 गुना)।

© Business Standard (Hindi)